www.prepp.in

# PAPER-II
# ECONOMICS

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

| S | 0 | 1 | 1 | 3 |
|---|---|---|---|---|

OMR Sheet No. : .............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________
(In words)

Time : **1 ¼** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : (A) (B) ● (D) जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

Prepp
Your Personal Exams Guide

# ECONOMICS
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Marginal Cost is less than the Average Cost when Average Cost falls with
(A) an increase in output
(B) a decrease in output
(C) constant output
(D) no change in output

**2.** The pure monopolist obtains equilibrium level of output when
(A) Marginal Revenue = Marginal Cost
(B) Price = Marginal Cost
(C) Price is the lowest
(D) Price is the highest

**3.** The transformation curve is derived from the
(A) Consumption Curve
(B) Utility Possibility Curve
(C) Social Welfare Function
(D) Production Contract Curve

**4.** Match the items in List – I with the items in List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Principles of Economics | 1. Paul Sweezy |
| b. Kinked Demand Curve | 2. Adam Smith |
| c. Principle of Maximum Social Advantage | 3. Marshall |
| d. Law of Invisible Hand | 4. Dalton |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**5.** **Assertion (A) :** The imposition of Sales Tax does not affect the profit of the monopolist.
**Reason (R) :** The monopolist shifts the burden of Sales Tax on to the consumer.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**6.** Market demand for any goods is a function of
i. price per unit of that goods
ii. price per unit of related goods
iii. income of the consumer
iv. taste and preference of the consumer
**Codes :**
(A) i and ii only are true.
(B) i and iii only are true.
(C) i, ii and iii only are true.
(D) i, ii, iii and iv are true.

**7.** If the railways are making loss on passenger traffic they should lower their fares. The suggested remedy would work only if the demand for rail travel has a price elasticity of
i. $e_p > 1$
ii. $1 > e_p > 0$
iii. Zero
iv. One
(A) ii and iii
(B) i and ii
(C) i and iii
(D) ii and iv

Prepp Your Personal Exams Guide

# अर्थशास्त्र

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** सीमान्त लागत औसत लागत से कम होती है जब औसत लागत गिरती है

(A) उत्पादन में वृद्धि के साथ ।

(B) उत्पादन में कमी के साथ ।

(C) स्थायी उत्पादन

(D) उत्पादन में कोई परिवर्तन नहीं

**2.** शुद्ध एकाधिकारी निर्गत का सन्तुलन तब प्राप्त करता है जब

(A) सीमान्त आमदनी = सीमान्त लागत

(B) कीमत = सीमान्त लागत

(C) कीमत जब निम्नतम हो ।

(D) कीमत जब उच्चतम हो ।

**3.** रूपान्तरण वक्र की व्युत्पत्ति होती है

(A) उपभोग वक्र से

(B) उपयोगिता संभाव्यता वक्र से

(C) सामाजिक कल्याण विधेय से

(D) उत्पादन संविदा वक्र से

**4.** सूची – I की मदों को सूची – II की मदों से सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. प्रिंसीपल्स ऑफ इकोनामिक्स | 1. पॉल स्वीज़ी |
| b. व्याकुंचित माँग वक्र | 2. ऐडम स्मिथ |
| c. अधिकतम सामाजिक लाभ का सिद्धांत | 3. मार्शल |
| d. अदृश्य हस्त नियम | 4. डाल्टन |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**5.** **अभिकथन (A)** : बिक्री कर लगाने से एकाधिकारी के लाभ पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता ।

**तर्क (R)** : एकाधिकारी बिक्री कर के बोझ को उपभोक्ता पर डाल देता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**6.** किसी भी वस्तु की बाजार माँग, निम्नलिखित में से किसका फलन है ?

i. उस वस्तु की एक इकाई की कीमत

ii. सम्बन्धित वस्तु की एक इकाई की कीमत

iii. उपभोक्ता की आय

iv. उपभोक्ता की पसन्द और अधिमान

**कूट :**

(A) केवल i और ii सही हैं ।

(B) केवल i और iii सही हैं ।

(C) केवल i, ii और iii सही हैं ।

(D) i, ii, iii और iv सही हैं ।

**7.** यदि रेलवे को यात्री यातायात से हानि होती है तो उसे अपने भाड़ों को कम कर देना चाहिए । यह समाधान तभी कारगर होगा यदि रेल यात्रा की माँग में कीमत की लचकता हो –

i. $e_p > 1$

ii. $1 > e_p > 0$

iii. शून्य

iv. एक

(A) ii और iii

(B) i और ii

(C) i और iii

(D) ii और iv

Prepp
Your Personal Exams Guide

**8.** Macro economics distinguishes between the real economy and
(A) virtual economy
(B) monetary economy
(C) normative economy
(D) underground economy

**9.** Match the items in List – I with the items in List – II :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| i. | Psychological Law of Consumption | 1. | Ratchet Effect |
| ii. | Relative Income Hypothesis | 2. | Age Structure of the Population |
| iii. | Permanent Income Hypothesis | 3. | Distribution of Income |
| iv. | Life Cycle Hypothesis | 4. | Backward Looking Expectations |

**Codes :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**10.** **Assertion (A) :** There exits inverse relationship between interest rates and bond prices.
**Reason (R) :** A bond price represents the present discounted value of the payments agreed upon at the time when the bond was issued.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are correct, and (R) is the correct explanation of (A).
(B) (A) is correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is correct, but (R) is incorrect.
(D) (A) is incorrect, but (R) is correct.

**11.** **Assertion (A) :** The Natural Rate of Unemployment Hypothesis yields in the long run a vertical Phillips Curve.
**Reason (R) :** The Natural Rate of Unemployment assumes static price expectations.
**Codes :**
(A) (A) is correct and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is correct, but (R) is incorrect.
(D) Both (A) and (R) are incorrect.

**12.** In the context of different business cycle theories match the nature of cycle/approach given in List – I with the propounders in List – II :

| | **List– I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| i. | Constrained Cycles | 1. | Paul A. Samuelson |
| ii. | Acceleration – Multiplier Interaction Approach | 2. | J. R. Hicks |
| iii. | Capital – Stock Adjustment Principle | 3. | Nicholas Kaldor |
| iv. | Real Business Cycles | 4. | Robert J. Barro |

**Codes :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**8.** समष्टि अर्थशास्त्र वास्तविक अर्थव्यवस्था और किसके बीच विभेद करता है ?

(A) परिकल्पित अर्थव्यवस्था

(B) मुद्रा अर्थव्यवस्था

(C) नियामक अर्थव्यवस्था

(D) अन्तर्भोम अर्थव्यवस्था

**9.** सूची – I और सूची – II में दी गई मदों को एक दूसरे से सुमेलित कीजिए ।

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| i. उपभोग का मनोवैज्ञानिक सिद्धांत | 1. रटचेट प्रभाव |
| ii. सापेक्ष आय परिकल्पना | 2. जनसंख्या की आयु संरचना |
| iii. स्थायी आय परिकल्पना | 3. आय वितरण |
| iv. जीवन-चक्र परिकल्पना | 4. पीछे की ओर देखती अपेक्षाएँ |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**10.** **अभिकथन (A)** : ब्याज दरों और बॉण्ड की कीमतों में प्रतियन सम्बन्ध हैं ।

**तर्क (R)** : एक बॉण्ड की कीमत बॉण्ड के जारी होने के समय पर हुई सहमति के अनुसार वर्तमान में बट्टे के साथ की जाने वाली अदायगी को प्रकट करता है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।

(B) (A) सही है, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**11.** **अभिकथन (A)** : बेरोजगारी परिकल्पना के प्राकृतिक दर दीर्घकाल में अनुलम्बित फिलिपस वक्र रेखा प्रतिफलित होती है ।

**तर्क (R)** : बेरोजगारी परिकल्पना का प्राकृतिक दर स्थिर कीमत अपेक्षाओं का रूप धारण करती हैं ।

**कूट** :

(A) (A) सही है और (A) की (R) सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

**12.** विभिन्न व्यापार चक्र सिद्धांतों के संदर्भ में सूची – I में दिए गए चक्र अभिगम की प्रकृति को सूची – II में दिए गए प्रतिपादकों से सुमेलित कीजिए ।

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| i. सीमित चक्र | 1. पॉल ए सैम्यूलसन |
| ii. गतिवर्धन-गुणक अन्तक्रिया उपागम | 2. जे.आर. हिक्स |
| iii. पूँजी-स्टॉक समायोजन सिद्धान्त | 3. निकोलस काल्डोर |
| iv. वास्तविक व्यापार चक्र उपागम | 4. रोबर्ट जे. बारो |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**13.** Assuming fixed prices, which of the following statements are true ?

1. Monetary policy is more effective, flatter the IS-curve.
2. Fiscal policy is less effective, flatter the LM curve.
3. Fiscal policy is more effective, flatter the LM curve.
4. Monetary policy is ineffective and fiscal policy is fully effective in liquidity trap.

**Codes :**

(A) 1, 2, 4

(B) 1, 3, 4

(C) 2, 3, 4

(D) None of the above

**14.** Match items given in List – I with those given in List – II :

| List– I | List – II |
|---|---|
| a. Inventory Theoretic Approach | 1. J.M. Keynes |
| b. Liquidity Preference as Behaviour Towards Risk | 2. Milton Friedman |
| c. Money as a Temporary Abode of Purchasing Power | 3. James Tobin |
| d. A Discontinuous Individual Speculative Demand for Money Function | 4. W. Baumol |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**15.** Which country stands at the top in 2011 Human Development Index ranking of 187 countries in H.D.I. Report – 2011 ?

(A) Norway

(B) Australia

(C) New Zealand

(D) U.S.A.

**16.** By an unlimited supply of labour, Lewis meant

(A) infinite elasticity of demand for labour

(B) infinite elasticity of supply for labour

(C) infinite labour available at prevailing wage rate

(D) none of the above

**17.** According to Mrs. Robinson, the stage of 'Golden Age' = ________.

(A) Capital growth rate > Labour growth rate

(B) Capital growth rate = Labour growth rate

(C) Capital growth rate < Labour growth rate

(D) Capital growth rate > 1

**18.** According to whom, surplus value should be given to labour ?

(A) Adam Smith

(B) Karl Marx

(C) Gandhiji

(D) Sen

Prepp
Your Personal Exams Guide

**13.** नियत कीमत को मानते हुए, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

1. मौद्रिक नीति और ज्यादा प्रभावी है, आई एस वक्र को समानान्तर करती है ।
2. वित्तीय नीति कम प्रभावी है, एल एम वक्र को समानान्तर करती है ।
3. वित्तीय नीति और ज्यादा प्रभावी है, एल एम वक्र को समानान्तर करती है ।
4. मौद्रिक नीति अप्रभावी है, और वित्तीय नीति तरलता जाल के लिए पूर्णतया प्रभावी है ।

**कूट** :

(A) 1, 2, 4
(B) 1, 3, 4
(C) 2, 3, 4
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

**14.** सूची – I की मदों को सूची – II की मदों से सुमेलित कीजिए ।

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. इन्वेन्ट्री सैद्धान्तिक उपागम | 1. जे.एम. केन्स |
| b. जोखिम से बचने के लिए तरलता अधिमान | 2. मिल्टन फ्रायडमैन |
| c. मुद्रा क्रय शक्ति का अस्थायी आवास | 3. जेम्स टोबिन |
| d. अनिरन्तर व्यक्तिगत सट्टा जनित मुद्रा माँग वक्र | 4. डब्ल्यू. बौमोल |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**15.** 187 देशों की मानव विकास सूची – 2011 में निम्नलिखित देशों में से कौन सा देश पहले रैंक पर आया ?

(A) नार्वे
(B) ऑस्ट्रेलिया
(C) न्यूजीलैण्ड
(D) यू.एस.ए.

**16.** श्रम की असीमित आपूर्ति से लेविस का भाव था ________

(A) श्रम की माँग में अनियत लोच
(B) श्रम आपूर्ति में अनियत लोच
(C) प्रचलित मजदूरी दर पर उपलब्ध अनियत श्रम
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**17.** श्रीमती रॉबिन्सन के अनुसार, स्वर्ण युग (गोल्डन एज) का पडाव =

(A) पूँजी वृद्धि दर > श्रम वृद्धि दर
(B) पूँजी वृद्धि दर = श्रम वृद्धि दर
(C) पूँजी वृद्धि दर < श्रम वृद्धि दर
(D) पूँजी वृद्धि दर > 1

**18.** किस विचारक के अनुसार अतिरेक मूल्य श्रम को दे देना चाहिए ?

(A) ऐडम स्मिथ
(B) कार्ल मार्क्स
(C) गांधीजी
(D) सेन

19. According to Kuznets, innovation is
(A) Application of new knowledge to production process
(B) Improvement of efficiency of machines
(C) Discovery of new consumption needs
(D) Improvement of marketing techniques

20. The approach of social dualism is connected with the following country :
(A) Indonesia
(B) U.K.
(C) Iran
(D) Pakistan

21. **Assertion (A) :** A lump sum tax imposed on a monopolist cannot be shifted to the consumers.
**Reason (R) :** The lump sum tax becomes a part of his fixed cost and it does not affect the marginal cost of production.
**Codes :**
(A) (A) is true, but (R) is false.
(B) Both (A) and (R) are false.
(C) (A) is not correct, but (R) is correct.
(D) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

22. The case for progressive tax rates exists in terms of
(A) Benefits received
(B) Cost of service
(C) Ability to pay
(D) Voluntary exchange approach

23. According to Peacock and Wiseman's analysis, public expenditure increases
(A) in smooth and continuous manner
(B) as time passes
(C) in jerks or step like fashion
(D) both in the short and long runs

24. Which one of the following debt redemption method is a process by which maturing debts are replaced by new bonds and there is no liquidation of the money burden of debt ?
(A) Repudiation
(B) Refunding
(C) Conversion
(D) Capital levy

25. Fiscal deficit less interest payments is called
(A) Net fiscal deficit
(B) Monetised deficit
(C) Primary deficit
(D) Budgetary deficit

26. Mercantilism was based on the ideology of
(A) Globalization
(B) Nationalism
(C) Regionalism
(D) Privatization and Globalisation

27. Policy of Protection will benefit
(A) Abundant factor of production
(B) Scarce factor of production
(C) Both (A) & (B) are correct
(D) None of the above

19. कुज़नेट के अनुसार - नवप्रवर्तन (Innovation) है :
(A) उत्पादन प्रक्रिया में नव ज्ञान का प्रयोग
(B) मशीनों की क्षमता में सुधार
(C) नव उपभोक्ता माँगों की खोज
(D) विपणन तकनीकों में सुधार

20. सामाजिक द्वयात्मक दृष्टिकोण निम्नलिखित में से किस देश से सम्बन्धित है ?
(A) इण्डोनेशिया
(B) यू.के.
(C) ईरान
(D) पाकिस्तान

21. **अभिकथन (A)** : एक एकाधिकारी पर लगाया गया एकमुश्त कर वह उपभोक्ता से वसूल नहीं कर सकता ।
**तर्क (R)** : एकमुश्त कर उसकी स्थायी लागत का हिस्सा बन जाता है और इससे उसके उत्पादन की सीमान्त लागत प्रभावित नहीं होती ।
**कूट** :
(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(B) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।
(C) (A) सही नहीं है, परन्तु (R) सही है ।
(D) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।

22. अग्रगामी कर दरों का मामला किस रूप में विद्यमान है ?
(A) प्राप्त लाभ
(B) सेवा लागत
(C) अदायगी की योग्यता
(D) स्वैच्छिक विनिमय उपागम

23. पीकॉक और वाइजमैन के विश्लेषण के अनुसार, सरकारी व्यय बढ़ता है
(A) अबाध एवं निरन्तर ढंग में
(B) जैसे समय गुजरता है ।
(C) झटकों अथवा पदचाल के ढंग में
(D) अल्पकालिक तथा दीर्घकालिक दोनों में

24. निम्नलिखित में से कौन सी ऋण विमोचन विधि की एक प्रक्रिया है जिससे परिपक्व हो रहे ऋणों को नए बॉण्डों से स्थानापन्न कर दिया जाता है और ऋण के मुद्राबोझ का परिसमापन नहीं रहता ?
(A) खण्डन (रेपुडिएशन)
(B) प्रत्यर्पण (रिफंडिंग)
(C) रूपांतरण
(D) पूँजी उगाही

25. वित्तीय घाटा, जिसमें ब्याज की अदायगी शामिल न हों, को कहते हैं
(A) शुद्ध वित्तीय घाटा
(B) मुद्रीकृत घाटा
(C) प्राथमिक घाटा
(D) बजटीय घाटा

26. वाणिज्यवाद किस सिद्धान्त पर आधारित है ?
(A) वैश्वीकरण
(B) राष्ट्रवाद
(C) क्षेत्रीयवाद
(D) निजी एवं वैश्वीकरण

27. संरक्षण नीति का लाभ पहुँचेगा
(A) उत्पादन के प्रचुर कारक
(B) उत्पादन के दुर्लभ कारक
(C) (A) और (B) दोनों सही हैं ।
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**28.** The Stolper-Samuelson Theorem postulates that the imposition of tariff by a nation causes the real income of the nation's

(A) both and abundant factors to rise
(B) abundant factor to rise
(C) scarce factor to fall
(D) scarce factor to rise

**29.** Match the items of List – I and with items of List – II from the given codes :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| I. Adam Smith | 1. Opportunity cost |
| II. David Ricardo | 2. Factor endowment |
| III. Ohlin | 3. Absolute advantage |
| IV. Haberler | 4. Comparative advantage |

Choose the correct code :

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**30.** Match List – I with List – II :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| I. Rybczynski Theorem | a. The effect of tariffs on factor prices |
| II. Metzler Effect | b. The effect of factor growth on production and growth |
| III. Stopler-Samuelson Theorem | c. The effect of tariffs on domestic prices |
| IV. Immiserising growth | d. The effect of growth on terms of trade |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | d | c | a | b |
| (B) | d | a | c | b |
| (C) | b | a | c | d |
| (D) | b | c | a | d |

**31.** Match items in List – I with the items in List – II :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Rajiv Gandhi Udyami Mitra Yojana | 1. Jointly set up by Government of India & SIDBI |
| b. Credit Guarantee Fund Trust of Medium and Small Enterprises | 2. Lean Manufacturing |
| c. National Manufacturing Competitiveness Programme | 3. Control of Cartels |
| d. National Competition Commission of India | 4. Promotion of first generate entrepreneurs |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**32.** Which of the following is not correct about the micro, small and medium enterprises in India ?

(A) It covers both registered and informal sectors.
(B) Its classification criteria is investment in plant and machinery.
(C) The fourth Census of the MSMEs is for the year 2009-10.
(D) According to the fourth Census of MSME, total registered MSME sector comprised 67.1 percent manufacturing units white 32.9 percent were service enterprises.

**33.** What is the ceiling on investment in plant and machinery for small enterprises in India ?

(A) ₹ 25 lakhs
(B) ₹ 5 crore
(C) ₹ 1 crore
(D) ₹ 10 crore

**28.** स्टोल्पर-सेमुअलसन प्रमेय अभ्युपगम की मान्यता है कि जब कभी टैरिफ देश के द्वारा लगाई जाती है तब देश के साधनों की वास्तविक आय निम्न प्रकार से प्रभावित होगी

(A) दोनों और प्रचुर साधन बढ़ेंगे ।
(B) प्रचुर साधन बढ़ेंगे ।
(C) दुर्लभ साधन घटेंगे ।
(D) दुर्लभ साधन बढ़ेंगे ।

**29.** सूची – I की मदों को सूची – II की मदों से सुमेलित कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| I. ऐडम स्मिथ | 1. अवसर लागत |
| II. डेविड रिकार्डो | 2. फेक्टर एन्डाऊमेंट |
| III. ओहलिन | 3. पूर्ण लाभ |
| IV. हैबरलेर | 4. तुलनात्मक लाभ |

सही कूट का चयन कीजिए :

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**30.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए ।

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| I. राइबेंजिनस्की प्रमेय (थ्योरम) | a. टैरिफों का कारक कीमतों पर प्रभाव |
| II. मेत्झलर प्रभाव | b. उत्पादन और वृद्धि पर विकास कारकों का प्रभाव |
| III. स्टोप्लर-सेमुअलसन प्रमेय | c. घरेलू कीमतों पर टैरिफों का प्रभाव |
| IV. इमिजराइजिंग वृद्धि | d. वाणिज्य की शर्तों पर विकास का प्रभाव |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | d | c | a | b |
| (B) | d | a | c | b |
| (C) | b | a | c | d |
| (D) | b | c | a | d |

**31.** सूची – I की मदों को सूची – II की मदों से सुमेलित कीजिए ।

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. राजीव गांधी उद्यमी मित्र योजना | 1. भारत सरकार तथा सिडबी (SIDBI) द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित । |
| b. मध्यम एवं लघु उद्यमों की ऋण गारंटी फंड | 2. मंद उत्पादन |
| c. राष्ट्रीय उत्पादन स्पर्धा कार्यक्रम | 3. कार्टिलों (Cartels) का नियंत्रण |
| d. भारतीय राष्ट्रीय स्पर्धा आयोग | 4. प्रथम उत्पादक को प्रोत्साहन |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**32.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन भारत में व्यष्टि, लघु और मध्यम उद्यमों के सम्बन्ध में सही नहीं है ?

(A) यह पंजीकृत एवं अनौपचारिक क्षेत्रों पर लागू होती है ।
(B) संयंत्र और मशीनरी पर निवेश इसके वर्गीकरण का मानक है ।
(C) एम.एस.एम.ई. की चौथी गणना 2009-10 वर्ष के लिए है ।
(D) एम.एस.एम.ई. की चौथी गणना के अनुसार, कुल पंजीकृत एम.एस.एम.ई. क्षेत्र में 67.1 प्रतिशत उत्पादन इकाईयाँ थीं जबकि 32.9 प्रतिशत सेवा-उद्यम थे ।

**33.** भारत में लघु उद्यमों के लिए संयंत्र एवं मशीनरी पर निवेश की सीमा क्या है ?

(A) ₹ 25 लाख
(B) ₹ 5 करोड़
(C) ₹ 1 करोड़
(D) ₹ 10 करोड़

**34.** What is the weight of the manufacturing sector in the Industrial Production Index (2004-05 = 100) ?

(A) 69.0 percent
(B) 72.3 percent
(C) 75.5 percent
(D) 79.2 percent

**35.** Match items of List – I with items of List – II :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Bharat Nirman Yojana | 1. Rural Housing |
| b. National Food for Work Programme | 2. Merged with SGSY |
| c. Indira Awas Yojana | 3. Merged with SGRY |
| d. Supply of Improved Tool Kits to Rural Artisans | 4. Rural Infrastructure |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**36.** Which one of the following is not reserved for public sector ?

(A) Atomic energy
(B) Railways
(C) Insurance
(D) Port Trust of India

**37.** **Assertion (A) :** The public distribution system in India has close links with food security for the vulnerable segments of population.

**Reason (R) :** Public distribution system is failure in India.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation for (A).
(B) Both (A) and (R) are true and (R) is not correct explanation for (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**38.** What is the share of agriculture sector in India's National Income at present ?

(A) 5%
(B) 15%
(C) 25%
(D) 27%

**39.** The Service Area Approach was implemented under the purview of

(A) Lead Bank Scheme
(B) Integrated Rural Development Programme
(C) Training the Rural Youth for Self-employment
(D) Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme

**40.** During the British Raj, the Mahalwari System in Indian Agriculture was introduced by

(A) Cornwallis
(B) Curzon
(C) Johnson
(D) W. Bentinck

**41.** Technology Mission on oilseeds was started in India in the year

(A) 1975
(B) 1980
(C) 1986
(D) 1992

**34.** औद्योगिक उत्पादन सूची (2004-05 = 100) में निर्माण क्षेत्र का हिस्सा कितना है ?

(A) 69.0 प्रतिशत
(B) 72.3 प्रतिशत
(C) 75.5 प्रतिशत
(D) 79.2 प्रतिशत

**35.** सूची – I की मदों को सूची – II की मदों से सुमेलित कीजिए ।

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. भारत निर्माण योजना | 1. ग्रामीण आवास |
| b. कार्य के लिए राष्ट्रीय खाद्य कार्यक्रम | 2. एस.जी.एस.वाई. में विलय |
| c. इंदिरा आवास योजना | 3. एस.जी.आर.वाई. में विलय |
| d. ग्रामीण शिल्पियों को उन्नत उपकरण-किट की सप्लाई | 4. ग्रामीण अवस्थापना |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**36.** निम्नलिखित में से कौन सा सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित नहीं है ?

(A) आण्विक ऊर्जा
(B) रेलवे
(C) बीमा
(D) भारतीय बन्दरगाह न्यास

**37.** **अभिकथन (A)** : भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली आबादी के अत्यन्त संवेदनशील खण्डों की खाद्य सुरक्षा से जुड़ा हुआ है ।

**तर्क (R)** : भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली असफल है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**38.** वर्तमान में भारत की राष्ट्रीय आय में कृषि क्षेत्र का हिस्सा कितना है ?

(A) 5%
(B) 15%
(C) 25%
(D) 27%

**39.** सेवा क्षेत्र अधिगम को किसकी सीमा के अधीन लागू किया गया ?

(A) लीड बैंक स्कीम
(B) एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम
(C) स्व रोजगार के लिए ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित करना
(D) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना

**40.** ब्रिटिश राज के दौरान भारतीय कृषि में महालवाड़ी सिस्टम किसने चालू किया ?

(A) कार्नवालिस
(B) कर्ज़न
(C) जाह्नसन
(D) डब्ल्यू. बैंटिंक

**41.** भारत में तेल बीजों का प्रौद्योगिक मिशन किस वर्ष आरम्भ हुआ ?

(A) 1975
(B) 1980
(C) 1986
(D) 1992

**42.** High Yielding Varieties Programme in India does not include
(A) Wheat
(B) Pulses
(C) Jowar
(D) Maize

**43.** As per the latest SRS data, which of the following age-group has the lowest age-specific fertility rate in India ?
(A) 15-19
(B) 20-29
(C) 30-34
(D) 35-39

**44.** Endogenous technological change is not caused by
(A) FDI
(B) Population size
(C) Population density
(D) Educational level

**45.** Match Group – I with Group– II :

| Group – I | Group – II |
|---|---|
| a. Variance | i. Sampling distribution |
| b. Mode | ii. Normal distribution |
| c. $\chi^2$ distribution | iii. Measure of dispersion |
| d. Mesokurtic distribution | iv. Measure of central tendency |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | ii | iv | iii | i |
| (D) | iv | ii | i | iii |

**46.** **Assertion (A) :** Fisher's Index No. is ideal Index No.
**Reason (R) :** Fisher's Index satisfies time reversal and factor reversal tests.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**47.** There are 12 white balls, 8 red balls and 5 green balls in a basket. What is the probability that a ball drawn is either red or white ?
(A) 12/25
(B) 8/25
(C) 20/25
(D) 15/25

**48.** If the mean and variance of a given distribution is 8 and 0.25, then the coefficient of variation will be
(A) 4 percent
(B) 8 percent
(C) 12 percent
(D) 16 percent

**49.** Coefficient of determination is given as
(A) $r/1 - r^2$
(B) $1 - r^2$
(C) $1 + r^2$
(D) $r^2$

**50.** For testing the equality of population variances the test to be applied is
(A) Student's t test
(B) $\chi^2$ test
(C) F distribution
(D) Z distribution

**42.** भारत में उच्च उपज किस्म कार्यक्रम (HYVP) में सम्मिलित नहीं है

(A) गेहूँ

(B) दालें

(C) ज्वार

(D) मक्का

**43.** एस.आर.एस. के अद्यतम डाटा के अनुसार भारत में, निम्नलिखित आयु-समूहों में से किस आयु-समूह की निम्नतम आयु-विशिष्ट प्रजनन शक्ति दर है ?

(A) 15-19

(B) 20-29

(C) 30-34

(D) 35-39

**44.** अन्तर्जात प्रौद्योगिकी परिवर्तन इस द्वारा नहीं होता

(A) एफ.डी.आई. (FDI)

(B) जनसंख्या का आकार

(C) जनसंख्या की घनता

(D) शैक्षिक स्तर

**45.** समूह – I को समूह – II से सुमेलित कीजिए ।

| | **समूह – I** | | **समूह – II** |
|---|---|---|---|
| a. | विचरण | i. | सैम्पलिंग वितरण |
| b. | बहुलक | ii. | सामान्य वितरण |
| c. | $\chi^2$ वितरण | iii. | बिखराव का माप |
| d. | मेसोक्योरटिक वितरण | iv. | केंद्रीय प्रवृत्ति का का माप |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | ii | iv | iii | i |
| (D) | iv | ii | i | iii |

**46.** **अभिकथन (A)** : फिशर की अनुसूची संख्या आदर्श अनुसूची संख्या है ।

**तर्क (R)** : फिशर की अनुसूची समय विपर्यास और कारक विपर्यास परीक्षणों को सन्तुष्ट करता है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**47.** यहाँ 12 सफेद गेंदे हैं, 8 लाल और 5 हरी गेंदे हैं जो एक टोकरी में पड़ी हुई हैं । इसकी कितनी संभाव्यता है कि टोकरी से निकाली गई गेंद लाल होगी अथवा सफेद ?

(A) 12/25

(B) 8/25

(C) 20/25

(D) 15/25

**48.** यदि किसी प्रदत्त वितरण का माध्य और विचरण 8 और 0.25 है, विचरण का गुणांक होगा

(A) 4 प्रतिशत

(B) 8 प्रतिशत

(C) 12 प्रतिशत

(D) 16 प्रतिशत

**49.** निर्धारण का गुणांक को इस रूप में दिखाया जाता है

(A) $r/1 - r^2$

(B) $1 - r^2$

(C) $1 + r^2$

(D) $r^2$

**50.** आबादी के प्रसरणों की समानता के परीक्षण के लिए जो परीक्षण किया जाता है, वह है

(A) Student's t test

(B) $\chi^2$ परीक्षण

(C) F वितरण

(D) Z वितरण

**Space For Rough Work**

Your Personal Exam Guide